01/12/2024

आकाशवाणी ईटानगर

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल के टी परनाइक ने कहा कि अगले पच्चीस साल भारत का अमृत काल है, जो राष्ट्र को विकास की नई ऊंचाइयों पर ले जाने का अभूतपूर्व अवसर प्रदान करेगा। यह बात राज्यपाल ने कल दोईमुख में राजीव गांधी विश्वविद्यालय के बाईसवें दीक्षांत समारोह में भाग लेते हुए कहा। अपने संबोधन में राज्यपाल ने विकास के लक्ष्यों को प्राप्त करना, औपनिवेशिक मानसिकता को त्यागना, सांस्कृतिक जड़ों को अपनाना, एकता को बढ़ावा देना और नागरिक कर्तव्य को स्थापित करने जैसे पांच मूल सिद्धांतों को रेखांकित किया। अरुणाचल प्रदेश की क्षमता पर विचार करते हुए राज्यपाल के. टी. परनाईक ने पर्यटन, व्यापार, सुरक्षा और औद्योगिक विकास में इसके रणनीतिक महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि विकसित अरुणाचल के माध्यम से विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करना इसके नागरिकों की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने समावेशी प्रगति सुनिश्चित करने के लिए सभी से सहयोग और नवाचार का आह्वान किया।

0000000000000000000000

सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने मीडिया और मनोरंजन संघ के सहयोग से कल नई दिल्ली में **वेव्स एनीमे** और **मंगा** प्रतियोगिता का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में जापानी शैली की कॉमिक्स- मंगा, डिजिटल कॉमिक्स-वेबटून और जापानी शैली का एनीमेशन-एनीमे सहित विभिन्न श्रेणियों में लगभग एक सौ 99 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। इसमें 28 कॉस्प्ले और वॉयस-एक्टिंग प्रतिभागियों ने भी भाग लिया।

इस कार्यक्रम में वर्तमान में  भारत के पहले एनीमे, ट्रायो-(TRIO) की एक झलक भी दिखाई गई। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य भारत को मंगा, एनीमे और वेबटून के लिए एक वैश्विक केंद्र बनाना तथा देश के रचनात्मक लोगों को प्रेरित करना और सशक्त बनाना है।

0000000000000000000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) को आज इसके स्थापना दिवस पर हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि बीएसएफ का देश की रक्षा पंक्ति में महत्वपूर्ण योगदान है। उन्होंने कहा कि यह बल साहस, समर्पण और असाधारण सेवा का प्रतीक है। उन्होंने राष्ट्र की सुरक्षा और संरक्षा में बीएसएफ की सतर्कता और साहस की सराहना की।

000000000000000000000

पेंशन एवं पेंशनभोगी कल्याण विभाग (डीओपीपीडब्ल्यू) ने डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र (डीएलसी) अभियान 3.0 को सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है। विशेष रूप से सुपर सीनियर पेंशनभोगियों के लिए डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र जमा करना आसान बनाने के लिए शुरू की गई इस पहल ने नवीन तकनीकों का लाभ उठाकर और सभी हितधारकों के साथ व्यापक सहयोग करके महत्वपूर्ण मील के पत्थर स्थापित किए हैं।

000000000000000

राज्यपाल के. टी. परनाइक और मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने इंडीजिनस फ़ैथ डे के अवसर पर राज्यवासियों को शुभकामनाए दी है। अपने संदेश में राज्यपाल ने उम्मीद जताई कि यह दिवस पीढ़ियों से संजोए गए इंडीजिनस आस्था और विश्वास को संरक्षित रखने और उन्हें बढावा देने के लिए प्रेरित करेगा।

0000000000000000000

बासर से पुलिस टीम शुक्रवार को ईटानगर पुलिस स्टेशन पहुचकर अनर उद्दीन नामक एक जालसाज को गिरफ़्तार करने में स्थानीय पुलिस की सहायता मांगी। गौरतलब है कि आरोपी 2021 से कई मौको पर पुलिस को चकमा देकर फ़रार था। खुफ़िया विभाग ने आरोपी का ईटानगर में होने का पता लगाया था, जिसके बाद पुलिस टीम ने शनिवार को ईटानगर के दुकुम कॉलोनी से आरोपी को गिरफ़्तार कर लिया।

00000000000000000000

अपर सुबनसिरी डिविजनल वन कार्यालय ने ऑल तागिन छात्र संघ के सहयोग से कल वन्यजीवों की सुरक्षा पर जागरूकता अभियान चलाया। अभियान के दौरान दल ने वन्यजीवन संरक्षण पर घर-घर जाकर जागरूकता अभियान चलाया, खासतौर पर स्थानीय विक्रेता क्षेत्रों में जहाँ आमतौर पर जंगली जानवरों की खरीद-फ़रोख्त होती है। इस बीच जिला मजिस्ट्रेट ने जिले में जंगली जानवरों के अवैध शिकार और हत्या के खिलाफ़ पहले ही निषेधाज्ञा जारी कर दी है।

00000000000000000

मातृभाषाओं के लिए RIWATCH केन्द्र ने राजीव गाँधी विशविद्यालय के लुप्तप्राय भाषाओं के केंद्र, नाह कल्याण सोसायटी और ङ्नुक फाउंडेशन के साथ मिलकर हाल ही में अपर सुबनसिरी जिले में एक आउटरीच और पुस्तक विमोचन कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में नाह कल्याण सोसायटी के अध्यक्ष केरु चादर और महा सचिव ताचे चादर ने Ethnographic Profile of the Nah (Tagin) of Arunachal Pradesh और A Dictionary of Nah नामक दो पुस्तकों का विमोचन किया। ये पुस्तके" Documentation of endangered languages, oral narratives and cultures of the lesser - ज्nown tribal communities of Arunachal Pradesh," शीर्षक सी एफ ई एल की शोध परियोजना के आउटपुट है जिसे उत्तर पूर्वी परिषद (NEC), शिलोंग द्वारा समर्थित किया गया है।

0000000000000000

नेहरु युवा केंद्र, तवांग ने युवा मामलों के निदेशालय के सहयोग से कल तवांग के राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं की भागीदारी को बढ़ावा देना और विभिन्न क्षेत्रों में प्रतिभाओं को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम में छह प्रमुख घटक, विज्ञान प्रदर्शनी, युवा कलाकार प्रतियोगिता, फोटोग्राफी कार्यशाला, भाषण प्रतियोगिता और सांस्कृतिक समूह नृत्य शामिल थे। युवा उत्सव कार्यक्रम ने युवाओं को इन क्षेत्रों में अपनी रचनात्मकता, बुद्धि और कौशल दिखाने के लिए एक मंच प्रदान किया।

00000000000000000

भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम ने कल ओमान के मस्कट में जूनियर एशिया कप के पूल ए मैच में चीनी ताइपे को 16-0 से हरा दिया। इस मैच में जीत के साथ भारत नौ अंक लेकर पूल ए में शीर्ष पर बना हुआ है। भारत अपने अगले मुकाबले में आज कोरिया से खेलेगा।

0000000000000000000000